

Current Affairs

+

Important Static GK

कल का सवाल

Q. वर्तमान में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री कौन हैं?

Answer: माणिक साहा

Current Affairs Revision

(16 September 2024)

Q. 1: अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नया नाम क्या किया जायेगा? What will be the new name of Port Blair, the capital of Andaman and Nicobar Islands?

a. श्री विजयपुरम

b. श्री द्वारिकापुरम

c. श्री सौरपुरम

d. श्री लक्ष्मणपुरम

Answer: a. श्री विजयपुरम

केंद्र सरकार ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है।

Q. 2: पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और आर्थिक विरासत का उत्सव मनाने के लिए किस महोत्सव की आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की गई? The official website of which festival was launched to celebrate the rich cultural and economic heritage of Northeast India?

a. नवरत्न महोत्सव

b. सप्तधारा महोत्सव

c. अष्टलक्ष्मी महोत्सव

d. पूर्वोत्तर महोत्सव

Answer: c. अष्टलक्ष्मी महोत्सव

पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और आर्थिक विरासत का उत्सव मनाने के लिए केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री (DoNER) ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने बहुप्रतीक्षित अष्टलक्ष्मी महोत्सव के लिए आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की है।

इस बार का आयोजन - दिसंबर 2024 में भारत मंडपम, नई दिल्ली में

Q. 3: डीआरडीओ ने भारतीय सेना के लिए किस हल्के युद्धक टैंक का सफल फील्ड परीक्षण किया? DRDO successfully field-tested which light battle tank for the Indian Army?

a. अर्जुन **b. भीष्म**

c. ज़ोरावर **d. विक्रांत**

Answer: c. ज़ोरावर

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन - डीआरडीओ ने भारतीय सेना के लिए बनाए गए हल्के युद्धक टैंक ज़ोरावर का सफल फील्ड परीक्षण किया है।

यह टैंक बहुत ऊंचाई वाले इलाकों और रेगिस्तानों में भी आसानी से चल सकता है।

Q. 4: हाल ही में नौवाँ ज़ांस्कर महोत्सव 2024 कहाँ शुरू हुआ है? Where has the ninth Zanskar Festival 2024 started recently?

a. लेह

b. कारगिल

c. लद्दाख

d. श्रीनगर

Answer: c. लद्दाख

केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर डॉक्टर बीडी मिश्रा ने इसका उद्घाटन किया।

जांस्कर को सरकारी तौर पर जिला घोषित किए जाने के बाद पहली बार इस महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस दो दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र की विभिन्न परम्पराओं को दर्शाया जाता है

Q. 5: ब्रिक्स लिटरेचर फोरम 2024 का आरंभ किस शहर में हुआ है? In which city has the BRICS Literature Forum 2024 started?

a. बीजिंग

b. मॉस्को

c. कजान

d. जोहान्सबर्ग

Answer: c. कजान

यह सम्मेलन ब्रिक्स देशों के लेखकों, कवियों, दार्शनिकों, कलाकारों और विद्वानों का संगम है।

Q. 6: राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) को लगातार छठी बार किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है? Rashtriya Ispat Nigam Limited (RINL) has been awarded which award for the sixth time in a row?

a. राष्ट्रीय गुणवत्ता पुरस्कार

b. राष्ट्रीय ऊर्जा लीडर पुरस्कार

c. राष्ट्रीय पर्यावरण पुरस्कार

d. राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार

Answer: b. राष्ट्रीय ऊर्जा लीडर पुरस्कार

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) को भारतीय उद्योग परिसंघ - ग्रीन बिजनेस सेंटर



(सीआईआई - जीबीसी) द्वारा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ऊर्जा लीडर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

विशाखापत्तनम स्टील प्लांट की कॉर्पोरेट इकाई राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) को लगातार छठे वर्ष प्रतिष्ठित सीआईआई -जीबीसी राष्ट्रीय ऊर्जा लीडर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

Q. 7: 15 सितंबर से यूपीआई की भुगतान सीमा एक लाख से बढ़कर कितनी हो गई है? From September 15, the UPI payment limit has increased from one lakh to how much?

a. 2 लाख

b. 3 लाख

c. 4 लाख

d. 5 लाख

Answer: d. 5 लाख

उपभोक्ता अब पांच लाख रूपये तक के कुछ श्रेणी के भुगतान यू पी आई के माध्यम से कर सकेंगे।

अस्पताल, कर भुगतान, शैक्षणिक भुगतान, आई पी ओ और सरकारी प्रतिभूतियों में किये जाने वाले भुगतान इस श्रेणी में शामिल हैं।

Q. 8: विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने किस वैक्सीन को एमपॉक्स के खिलाफ पहली वैक्सीन घोषित किया? Which vaccine was declared by the World Health Organization (WHO) as the first vaccine against ampox?

a. MMR वैक्सीन

b. MVA-BN वैक्सीन

c. MID-19 वैक्सीन

d. इन्फ्लुएंजा वैक्सीन

Answer: b. MVA-BN वैक्सीन

विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी WHO ने एमवीए-बीएन वैक्सीन (MVA-BN vaccine) को एमपॉक्स के खिलाफ पहली वैक्सीन घोषित किया।

एमवीए-बीएन वैक्सीन (MVA-BN vaccine) को फिलहाल 18 साल से कम लोगों के लिए नहीं बनाया गया है।

Q. 9: टाइम मैग्जीन की 'वर्ल्ड्स बेस्ट कंपनीज ऑफ 2024' सूची में किस भारतीय कंपनी को शामिल किया गया है? Which Indian company has been included in Time Magazine's 'World's Best Companies of 2024' list?

a. टाटा ग्रुप **b. रिलायंस इंडस्ट्रीज़**

c. अडाणी ग्रुप **d. महिंद्रा एंड महिंद्रा**

Answer: c. अडाणी ग्रुप

अडाणी ग्रुप को टाइम मैग्जीन की 'वर्ल्ड्स बेस्ट कंपनीज ऑफ 2024' सूची में शामिल किया गया है।

स्टेटिस्टा और टाइम द्वारा जारी की गई इस रैंकिंग में दुनिया की 1,000 शीर्ष कंपनियों का मूल्यांकन किया गया।

अडाणी पोर्टफोलियो की 11 सूचीबद्ध कंपनियों में से 8 को इस मूल्यांकन में शामिल किया गया है

Q. 10: भालाफेंक में नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में कौन सा पदक जीता? Which medal did Neeraj Chopra win in Diamond League in javelin throw?

a. स्वर्ण

b. कांस्य

c. रजत

d. इनमें से कोई नहीं

Answer: c. रजत

स्वर्ण पदक विजेता - एंडरसन पीटर्स

बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में नीरज ने 87.86 मीटर का थ्रो किया और वे केवल 1 सेंटीमीटर के अंतर से स्वर्ण जीतने से चूक गए।

प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता एंडरसन पीटर्स ने जीता।

Q. 11: पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर कितने फॉलोअर्स का आंकड़ा पार किया है? How many followers has Portugal's legendary footballer Cristiano Ronaldo crossed on social media?

a. 500 मिलियन **b. 750 मिलियन**

c. 1 बिलियन **d. 1.5 बिलियन**

Answer: c. 1 बिलियन

पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर एक बिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा पार कर लिया है।

हाल ही में रोनाल्डो ने क्रोएशिया के खिलाफ मुकाबले में अपने करियर का 900वां गोल किया।

ऐसा करने वाले वो दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

Q. 12: हाल ही में कौनसा देश ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक के सबसे नए सदस्य के रूप में शामिल हुआ है? Which country has recently joined as the newest member of the BRICS New Development Bank?

a. मिस्र **b. पेरू**

c. अल्जीरिया **d. पाकिस्तान**

Answer: c. अल्जीरिया



2015 में ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) द्वारा स्थापित एनडीबी का उद्देश्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं और विकासशील देशों में बुनियादी ढांचे और सतत विकास परियोजनाओं का समर्थन करना है।

Current Affairs
(17 September 2024)

Q. 1: हाल ही में दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (IGIA) ने विश्व में बेस्ट कनेक्टेड हवाई अड्डों की सूची में कौन सा स्थान प्राप्त किया है? Recently, Delhi's Indira Gandhi International Airport (IGIA) has secured which position in the list of best-connected airports in the world?

a. 10वां
b. 15वां
c. 24वां
d. 30वां

Answer: c. 24वां

ऑफिसियल एयरलाइन गाइड (OAG) की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (IGIA) ने विश्व में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट कनेक्टेड शीर्ष 50 हवाई अड्डों में 24वाँ स्थान हासिल किया है

यह वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में इसके बढ़ते महत्त्व को दर्शाता है।

लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे को पहले तथा मलेशिया के कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (KUL) को दूसरे स्थान पर रखा गया है।

IGI देश का एकमात्र हवाई अड्डा है जिसमें चार रनवे हैं।

भारत, अमेरिका और चीन के बाद विश्व में तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाज़ार बनकर उभरा है।

Q. 2: भारत ने तूफान यागी से प्रभावित देशों में मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए कौन सा ऑपरेशन शुरू किया? Which operation did India launch to provide humanitarian assistance in countries affected by Typhoon Yagi?

a. ऑपरेशन राहत
b. ऑपरेशन मित्र
c. ऑपरेशन सद्भाव
d. ऑपरेशन सुरक्षा

Answer: c. ऑपरेशन सद्भाव

भारत ने तूफान यागी से प्रभावित देशों – म्यामांर, लाओस और वियतनाम में मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन सद्भाव शुरु किया है।

ये देश इस वर्ष एशिया में आए सबसे शक्तिशाली तूफान के बाद भीषण बाढ़ का सामना कर रहे हैं।

Q. 3: हाल ही में चर्चा में रहा अभ्यास 'ईस्टर्न ब्रिज' भारत और किस देश से संबंधित है? Exercise 'Eastern Bridge', which was in news recently, is related to India and which country?

a. सऊदी अरब
b. ओमान
c. यूएई
d. कतर

Answer: b. ओमान

भारतीय वायु सेना (IAF) और रॉयल ओमान वायु सेना के बीच द्विपक्षीय अभ्यास 'ईस्टर्न ब्रिज' का 7 वाँ संस्करण ओमान में आयोजित हो रहा है।

इसका पहला संस्करण वर्ष 2009 में आयोजित किया गया था।

ओमान भारत के अन्य सैन्य अभ्यास: नसीम अल-बह, अल नजाह

Q. 4: हाल ही में ग्लोबल बायो-इंडिया का चौथा संस्करण कहाँ संपन्न हुआ? Where was the 4th edition of Global Bio-India concluded recently?

a. मुंबई
b. बेंगलुरु
c. हैदराबाद
d. नई दिल्ली

Answer: d. नई दिल्ली

कार्यक्रम के दौरान भारत की बढ़ती बायोटेक क्षमताओं को प्रदर्शित किया गया।

इस कार्यक्रम में भारत और दुनिया भर से बायोटेक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

ग्लोबल बायो-इंडिया का मुख्य विषय "बायोटेक इनोवेशन" और "बायो-मैन्युफैक्चरिंग" था।

Q. 5: हाल ही में तिरूओणम का त्योहार किस राज्य में मनाया जा रहा है? In which state is the festival of Thiruonam being celebrated recently?

a. तमिलनाडु
b. केरल
c. कर्नाटक
d. आंध्र प्रदेश

Answer: b. केरल



केरल में तिरूओणम का त्यौहार मनाया जा रहा है।
यह त्यौहार राजा महाबली के नगर आगमन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

Q. 6: हाल ही में राजभाषा हिंदी के कितने वर्ष पूरे होने के अवसर पर अमित शाह ने स्मारक डाक टिकट जारी किया है? Recently, on the occasion of completion of how many years of official language Hindi, Amit Shah has released a commemorative postage stamp?

a. 50 वर्ष
b. 60 वर्ष
c. 75 वर्ष
d. 100 वर्ष

Answer: c. 75 वर्ष

हाल ही में 14 सितंबर, 2024 को भारत में हिंदी दिवस मनाया गया
यह हिंदी भाषा को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाए जाने की 75वीं वर्षगांठ थी
भारत ने हिंदी को राजभाषा के तौर पर 14 सितम्बर 1949 को अपनाया था

Q. 7: हाल ही में किस भारतीय ने बेल्जियम इंटरनेशनल 2024 में महिला सिंगल्स मुकाबला जीतकर अपना पहला सीनियर अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता है? Recently which Indian has won her first senior international title by winning the women's singles match at the Belgium International 2024?

a. रेशमा रेड्डी
b. पीवी सिंधु
c. मालविका बंसोड़
d. अनमोल खरब

Answer: d. अनमोल खरब

बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब ने बेल्जियम इंटरनेशनल 2024 में महिला सिंगल्स मुकाबला जीतकर अपना पहला सीनियर अंतरराष्ट्रीय खिताब हासिल किया।
विशेष बात यह है कि उन्होंने क्वालीफायर के माध्यम से मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया और उन्हें कोई वरीयता नहीं मिली थी।

Q. 8: भारत में अभियन्ता दिवस (इंजीनियर्स डे) किस तिथि को मनाया जाता है? On which date is Engineers Day celebrated in India?

a. 1 सितंबर **b. 5 सितंबर**
c. 15 सितंबर **d. 25 सितंबर**

Answer: c. 15 सितंबर

भारत में प्रतिवर्ष 15 सितंबर को अभियन्ता दिवस (इंजीनियर्स डे) के रूप में मनाया जाता है।
इसी दिन भारत के महान अभियन्ता एवं भारतरत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्मदिन होता है।
उन्हें फादर ऑफ इंजीनियरिंग भी कहा जाता है।

Q. 9: हाल ही में किस राज्य सरकार ने 17 सितंबर को प्रजा पालना दिवस मनाने का निर्णय लिया है? Recently, which state government has decided to celebrate Praja Palna Diwas on 17 September?

a. कर्नाटक
b. तमिलनाडु
c. तेलंगाना
d. आंध्र प्रदेश

Answer: c. तेलंगाना

तेलंगाना सरकार 17 सितंबर को तेलंगाना प्रजा पालना दिवस के रूप में मनाएगी जो 1948 में हैदराबाद के भारत में एकीकरण का प्रतीक है।
केंद्र सरकार इसे हैदराबाद मुक्ति दिवस के रूप में मनाती है जो ऑपरेशन पोलो के तहत 1948 की पुलिस कार्रवाई का स्मरण करता है जिसने हैदराबाद का भारत में विलय किया था।

Q. 10: हाल ही में किस शहर ने उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा पर्यटन आकर्षण बनने का गौरव हासिल किया है? Recently which city has achieved the distinction of becoming the biggest tourist attraction of Uttar Pradesh?

a. कानपुर **b. वाराणसी**
c. आगरा **d. अयोध्या**

Answer: d. अयोध्या

उत्तर प्रदेश में पहले छह महीनों के दौरान लगभग 33 करोड़ पर्यटकों ने विभिन्न स्थानों का दौरा किया
रामनगरी अयोध्या ने वाराणसी को पीछे छोड़ते हुए उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा पर्यटन आकर्षण बनने का गौरव हासिल किया है

आज का सवाल

Q. वर्तमान में ओडिशा के मुख्यमंत्री कौन हैं?

For pdf,
Join telegram Channel
rwacurrentaffairs